[भारत का राजपत्र, असाधारण, भाग-II, खण्ड 3, उपखण्ड (i) में प्रकाशनार्थ]

भारत सरकार

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

(औद्योगिक नीति और संवर्द्धन विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 अक्तूबर 2015

सा.का.नि. ---------- (अ)- कतिपय नियमों के निम्नलिखित प्रारूप पेटेंट अधिनियम, 1970 की धारा 159 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त धारा की उप-धारा (3) द्वारा यथापेक्षित, पेटेंट नियम, 2003 में और संशोधन करने के लिए केन्द्रीय सरकार प्रस्ताव करती है, जो ऐसे सभी व्यक्तियों के सूचनार्थ, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, एतदद्वारा प्रकाशित किया जाता है; और एतद द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप यह अधिसूचना प्रकाशित करने वाले भारत के शासकीय राजपत्र की प्रतियाँ जनसाधारण को उपलब्ध कराए जाने के तीस दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके बाद विचार स्वीकार किया जाएगा;

आक्षेप या सुझाव, यदि कोई हो, उसे सचिव, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार, उद्योग भवन, नई दिल्ली-110 011 अथवा rajiv.aggarwal@nic.in. पर ई-मेल भेजी जा सकती है;

उक्त प्रारूप नियमों की बाबत किसी व्यक्ति से विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के पूर्व प्राप्त किसी आक्षेप और/या सुझावों पर केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

प्रारूप नियम

1. (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम पेटेंट (संशोधन) नियम, 2015 है।

(2) ये राजपत्र मे अंतिम प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. पेटेंट नियम, 2003 (जिसे इसमें इसके पश्चात् मूल नियम कहा गया है) के नियम 2 में-

खंड (ग) के पश्चात निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा अर्थात :-

"(गक) "सम्यक रूप से अधिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक पारेषण" का से सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 (2000 का 21) की धारा 5 के अनुसार अंकीय हस्ताक्षर के द्वारा प्रमाणीकरण अभिप्रेत है ;

3. मूल नियमों में, नियम 5 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा अर्थात:-

"5. प्रत्येक ऐसा व्यक्ति, जो अधिनियम या इन नियमों से संबद्ध कार्यवाहियों से संबन्धित है और प्रत्येक पेटेंटधारी नियंत्रक को भारत में तामील के लिए एक डाक पता देगा और एक ईमेल पता तथा भारतीय सेवा प्रदाता द्वारा प्रदत्त मोबाइल नंबर देगा और ऐसी कार्यवाहियों या पेटेंट से संबन्धित सभी प्रयोजनों के लिए वह पता उन कार्यवाहियों से संबन्धित व्यक्ति या पेटेंटधारी का पता माना जा सकेगा। ऐसा पता न दिये जाने पर नियंत्रक पर यह

बाध्यता नहीं होगी कि वह पेटेंट या किसी भी कार्यवाही प्रारम्भ करे या उस पर कोई कार्य अथवा अधिनियम या इनके नियमों के अधीन दी जाने वाली कोई सूचना भेजे और नियंत्रक इस संदर्भ में स्वतः निर्णय ले सकेगा"।

4. मूल नियमों में, नियम 6 में,-

i) उप-नियम (1) में शब्द "या कोरियर सेवा" जहां जहां वे आते हैं उनका लोप किया जाएगा।

ii) उप-नियम (1) के पश्चात निम्नलिखित - उप नियम अन्तःस्थापित किया जायेगा, अर्थात;-

"(1क) उप-नियम (1) मे अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, पेटेंट कार्यालय मे रजिस्ट्रीकृत पेटेंट अभिकर्ता सभी दस्तावेज सम्यक प्रमाणीकृत करके सम्यक रूप से अधिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक पारेषण द्वारा भेजेगा। परंतु किसी भी फाइल किए जाने वाले मूल दस्तावेज़ की स्कैन की गयी प्रति भी इलेक्ट्रॉनिक रूप मे संप्रेषित की जाएगी।";

iii) उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:

उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:
"(2) पेटेंटधारी को, पेटेंट रजिस्टर में लिखे हुए उसके डाक पते अथवा ई-डाक पर अथवा नियम 5 के अधीन दिये गए तामील के लिए उसके पते पर अथवा अधिनियम या इन नियमों के अधीन किन्हीं कार्यवाहियों में किसी आवेदक या विरोधी को उस आवेदन या विरोध की सूचना में दिये गए, अथवा तामील के लिए दिये गए डाक पतेअथवा ई-डाक, पर भेजी गयी किसी लिखित संसूचना के बारे में यह समझा जाएगा कि उस पर उचित रूप से पता लिखा गया है।";

iv) उप-नियम (3) में, शब्द "या कोरियर सेवा" का लोप किया जाएगा;

v) उप-नियम (4) में, शब्द "या कोरियर" का लोप किया जाएगा;

vi) उप-नियम (5) के बाद निम्नलिखित उप-नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

vii) "(6) उप-नियम (5) पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, किसी आवेदक द्वारा, जहां उसका निवास है अथवा वह व्यवसाय के लिए आया है, वहाँ युद्ध या प्राकृतिक आपदा जिसे उस देश की सरकार द्वारा राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया गया हो उसकी वजह से पेटेंट कार्यालय मे किसी दस्तावेज़ के पारेषण या पुन: प्रस्तुत करने मे विलंब को नियंत्रक द्वारा माफ किया जा सकेगा: परंतु आवेदक नियंत्रक को उस देश की सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा इस प्रभाव का प्रमाण पत्र / अधिसूचना प्रस्तुत करे कि ऐसी गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी थी जिससे प्रसमान्य संचार व्यवधान हो गया था और ऐसी प्राकृतिक आपदा या युद्ध के समाप्त होने के एक महीने के भीतर यथोचित संभव समय में आवेदक द्वारा सुसंगत कार्रवाई की गयी थी;

परंतु, यह कि नियंत्रक द्वारा माफ किया गया विलंब राष्ट्रीय आपातकाल के प्रभाव की अवधि से अधिक नहीं होगा।"

5. मूल नियमों में, नियम 7 में,-

i) उप-नियम (2) के खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात:

"(क) अधिनियम अथवा नियम के अधीन संदेय फीस समुचित कार्यालय में या तो नकद दी जा सकती है या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से या नियंत्रक, पेटेंट को संदेय और उस स्थान पर किसी अनुसूचित बैंक में आहरित जहां उपयुक्त कार्यालय स्थित है, बैंक ड्राफ्ट या बैंकर चैक द्वारा भेजी जा सकेगी। यदि ड्राफ्ट या बैंककार चैक डाक भेजा जाता है तो यह समझा जाएगा कि फीस का संदाय उस तारीख को किया गया है जिसको ड्राफ्ट या बैंकर चैक नियंत्रक को वास्तविक प्राप्त हुआ है।"

ii) उप-नियम (2) में खंड (ख) का लोप किया जाएगा।

iii) उप-नियम (4) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखे जाएँगे, अर्थात:-

"4 इस बात के होते हुए भी कि कार्यवाही की गयी है अथवा नहीं, किसी कार्यवाही की बाबत एक बार भुगतान किया गयी फीस समान्यतः वापस नहीं की जाएगी:

परंतु, यदि नियंत्रक से समाधान हो जाता है कि ऑनलाइन फाइलिंग प्रक्रिया के दौरान एक ही कार्यवाही के लिए एक से अधिक बार भुगतान किया गया है तो अतिरिक्त फीस प्रतिदाय कर दी जाएगी:

परंतु, यह और भी कि किसी भी कार्यवाही के लिए अपेक्षित फीस से अधिक भुगतान किया जाता है, तब वह प्रतिदाय नहीं किया जाएगा।

4 क उप-खंड 4 में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, नियम 24 ख के उप नियम (1क) के अधीन आवेदन करने पर परीक्षण हेतु अनुरोध के लिए संदत्त फीस प्रथम अनुसूची में निर्धारित सीमा तक वापस की जा सकती है और इसके परिणामस्वरूप ऐसे परीक्षण हेतु अनुरोध को फाइल नहीं किया समझा जाएगा"।

6. मूल नियमों में, नियम 8 में,उप-नियम (2) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"(2) जहां किसी प्रयोजन के लिए कोई प्ररूप विनिर्दिष्ट नहीं किया गया है, आवेदक दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट प्ररूप 30 का उपयोग कर सकता है।"

7. मूल नियमों में, नियम 13 में,-

(i) उप-नियम 4 के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"(4) जहां आविष्कार का रेखाचित्रों द्वारा स्पष्टीकरण अपेक्षित किया जा सकता हो वहाँ ऐसे रेखाचित्र नियम 15 के उपबंधों के अनुसार तैयार किए जाएँगे और उन्हे ब्यौरे और दावे तथा

विशेषताओं के सचित्र वर्णन के संदर्भ में उसके साथ दिया जाएगा एवं उनके हस्ताक्षर द्वारा उस रेखाचित्र में उपयुक्त कोष्ठक में विस्तार से दिया जाएगा:

परंतु सम्पूर्ण विनिर्देश की दशा में, यदि आवेदक अपने अनंतिम विनिर्देश के साथ दिये गए रेखाचित्रों को सम्पूर्ण विनिर्देश के रेखाचित्रों के रूप में या उनके भाग के रूप में वांछा करना चाहता है तो उन्हे ब्यौरे और दावों में इस प्रकार निर्दिष्ट कर देना पर्याप्त होगा कि वे वही हैं जो अनंतिम विनिर्देश के साथ दिये गए हैं।";

(ii) उप-नियम (7) के खंड (ख) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात:-

"(ख) सार विनिर्देश में, अंतर्विष्ट विषय-वस्तु का सूक्ष्म सारांश अंतर्विष्ट होगा और सार में, आविष्कार किस तकनीकी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, विद्यमान ज्ञान की तुलना में आविष्कार कितना उन्नत है और कल्पित उपयोग को छोड़कर आविष्कार के मुख्य उपयोग को स्पष्ट रूप से दर्शाया जायेगा और जहां आवश्यक हो, सार में उस आविष्कार की विशेषता बताने वाला तकनीकी सूत्र अंतर्विष्ट होगा";

(iv) उप-नियम (8) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"(8) वह अवधि जिसके भीतर निक्षेप के प्रति निर्देश धारा 10 की उपधारा (4) के खंड (ii) के उपखंड (अ) के अधीन विनिर्देश में किया जाएगा, आवेदन फाइल किए जाने की तारीख से तीन मास होगी;

परंतु, शीघ्र प्रकाशन के अनुरोध के मामले में, ऐसा निर्देश खंड 11(क) के उप खंड (2) के अंतर्गत शीघ्र प्रकाशन के लिए अनुरोध फाइल करने की तारीख या उससे पूर्व किया जाना चाहिए।"

(9) यदि विनिर्देश में प्रकट आविष्कार में भारत की जैविक सामग्री का उपयोग होता है, आवेदक को प्ररूप 1 में घोषणा देनी होगी कि पेटेंट अनुदान से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुज्ञा प्रस्तुत करेगा। और

(10) यदि आवेदक अधिनियम की धारा 21 के अधीन आवेदन के अनुदान के लिए नियम 24 ख और 24 ग में निहित अवधि के भीतर सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुज्ञा प्रस्तुत नहीं कर पता है, तो नियंत्रक, धारा 15 के अधीन समुचित आदेश पारित कर सकता है।

8. मूल नियमों मे, नियम 14 के स्थान पर निम्नलिखित नियम रखा जाएगा, अर्थात:-:

"14. विनिर्देशों मे संशोधन:-

(1) जब पूर्ण विनिर्देश अथवा संलग्न रेखाचित्र संशोधित किया गया हो तो ऐसा पृष्ठ पर संशोधन हैं उसे सतत दस्तावेज़ के लिए रूप मे पुनः टंकित और प्रस्तुत किया जाये।

(2) विनिर्देश अथवा रेखाचित्र जिसमे संशोधन किया हो उसकी एक चिह्नित प्रतिलिपि संशोधनों को दर्शाती और वह भाग दर्शाती जहां संशोधन किया गया हो (पृष्ठ संख्या और पंक्ति संख्या) भी फाइल की जाये।

(3) संशोधन स्लिप चिपकाकर, या पाद टिप्पणों के रूप में या दस्तावेजों में से किसी की मार्जिन में लिख कर नहीं किए जाएँगे। और

"(क) जब फिर से लिखा पृष्ठ या संशोधनों को शामिल किए हुए पृष्ठ प्रस्तुत किए जाएँगे, तो पहले के पृष्ठ को आवेदक या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता द्वारा अधिक्रमित और रद्द कर दिया गया है समझा जाएगा"।

9. मूल नियमों मे, नियम 20 में,उप-नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

'(1) धारा 7 की उप-धारा (1क) के अधीन पेटेंट सहयोग संधि के अंतर्गत किसी अंतर्राष्ट्रीय आवेदन के अनुरूप आवेदन प्ररूप 1 मे किया जाएगा।

स्पष्टीकरण : इस नियम के प्रयोजन के लिए, "अंतरराष्ट्रीय आवेदन के अनुरूप से पेटेंट सहयोग संधि के अंतर्गत फाइल आवेदन जिसमे अनुच्छेद 19 के तहत आवेदक द्वारा किए गए

संशोधन सम्मिलित हैं, और अनुच्छेद 20 के अधीन अभिहित कार्यालय को संप्रेषित, या संधि के अनुच्छेद 34 के खंड (2) के उप-खंड (ख) के तहत संशोधन अभिप्रेत है।"

10. मूल नियमों में, नियम 24 ख में,

(i) उप-नियम (1) के पश्चात निम्नलिखित उप-नियमअंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

(1क) नियम 24ख के उप-नियम (2) के खंड (i) के अधीन नियंत्रक द्वारा परीक्षक को आवेदन निर्दिष्ट किए जाने से पहले आवेदक द्वारा प्ररूप 29 में आवेदन करके परीक्षण के लिए अनुरोध वापस लिया जा सकता है और ऐसे परीक्षण के लिए अनुरोध को फाइल नहीं किया समझा जाएगा।";

(ii) नियम 24 ख के उप-नियम (2) के खंड (i) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

"2(i) उप-नियम (1) के अधीन परीक्षण के लिए अनुरोध फाइल किए जाने पर और धारा 11क के अधीन आवेदन का प्रकाशन होने पर, नियंत्रक आवेदन, विनिर्देश और अन्य संबन्धित दस्तावेज़ परीक्षक को निर्दिष्ट करेगा और यह संदर्भ अनुरोध फाइल करने के क्रम में किया जाएगा:

परंतु यह और कि, धारा 16 के अधीन और आवेदन फाइल करने के संदर्भ में, ऐसे आवेदन का अनुक्रम वही होगा जो पहले उल्लिखित आवेदन का है।

परंतु यह और कि यदि पहले उल्लिखित आवेदन परीक्षण के लिए भेजा जा चुका है तो अगले आवेदन को परीक्षण के लिए अनुरोध फाइल होने के तुरंत बाद परीक्षक के पास निर्दिष्ट जाएगा।";

(iii) उप-नियम (3) और (4) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखे जाएंगे, अर्थात:-

"(3) सामान्यतः उप-नियम (2) के खंड (iii) के तहत नियंत्रक द्वारा परीक्षक की रिपोर्ट के निपटान की तिथि से एक मास के भीतर आवेदक या उसके प्राधिकृत

अभिकर्ता को प्रथम परीक्षण रिपोर्ट अन्य अपेक्षित दस्तावेज के साथ प्रेषित की जाएगी:

परंतु, उस दशा में जहां अन्य हितबद्ध व्यक्ति परीक्षण के लिए अनुरोध फाइल करता है, ऐसे परीक्षण की केवल एक संसूचना उस हितबद्ध व्यक्ति को भेजी जाएगी। और

(4) धारा 21 के अधीन आदेश के लिए किसी आवेदन को प्रस्तुत करने का समय उस तारीख से जिसको आवेदक को परीक्षण का अपेक्षा करने के लिए परीक्षण का प्रथम कथन जारी किया गया था, से चार मास होगा। और

(5) उप-नियम (4) में विहित अवधि की समाप्ति से पूर्व नियंत्रक को उप नियम (4) में विहित प्ररूप 4 में निर्धारित फीस के साथ समय विस्तार के लिए आवेदन किए जाने पर उप नियम (4) की धारा 21 के तहत आदेश के लिए किसी आवेदन को प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित समय का दो मास के लिए विस्तार किया जा सकता है।

(6) नियंत्रक उप-नियम (1) के अधीन किए गए आवेदन की प्रथम परीक्षण रिपोर्ट के अंतिम उत्तर प्राप्त होने से छह मास की अवधि के भीतर या अधिनियम की धारा 21 के अधीन अनुदान के लिए आदेश के लिए आवेदन को प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से छह मास की अवधि के भीतर, जो भी पूर्ववर्ती हो उस अवधि मे आवेदन का निपटारा करेगा।

(7) उप-नियम (6) मे अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, वे आवेदन जिनकी प्रथम परीक्षण रिपोर्ट का उत्तर पेटेंट (संशोधन) नियम, 2015 के प्रारंभ होने की तारीख या उससे पहले फाइल किया गया है, और उप-नियम (4) और उप-नियम (5) मे विहित अनुदान हेतु आदेश के लिए आवेदन की तारीख निकल गयी है, नियंत्रक ऐसे आवेदनों का निपटारा अंतिम उत्तर प्राप्त होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर करेगा।"

11. नियम 24 ख के पश्चात, निम्नलिखित अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

" **24 ग आवेदनों का त्वरित परीक्षण,-**(1) आवेदक प्ररूप 18 क में प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के साथ निम्नलिखित आधारों पर सम्यक रूप से अधिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक पारेषण द्वारा नियम 24 ख में विहित अवधि के भीतर शीघ्र परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है, अर्थात:-

(क) आवेदक ने उसके अनुरूप अंतर्राष्ट्रीय आवेदन नियम 19 क और 19 च जैसा लागू हो, के अधीन भारतीय पेटेंट कार्यालय को अंतर्राष्ट्रीय खोज प्राधिकरण और/ या अंतर्राष्ट्रीय प्रारम्भिक परीक्षा प्राधिकारी, के रूप मे अभिहित किया है; या

(ख) आवेदक या उसके समनुदेशिती या भावी विनिर्माता (अनुज्ञप्तिधारी) ने भारत में आविष्कार का निर्माण शुरू कर दिया है, या

(ग) आवेदक या उसके समनुदेशिती या भावी निर्माता (अनुज्ञप्तिधारी) यह वचनबंध देते हैं कि पेटेंट अनुदान की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर आविष्कार का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा:

परंतु, (ख) और (ग) के अधीन फाइल किए गए त्वरित परीक्षण के लिए आवेदनों पर निम्न स्थितियों में से प्रत्येक की पूर्ति के बाद विचार किया जाएगा, अर्थात:-

i) आवेदक, त्वरित जांच के लिए अनुरोध फाइल करते समय केन्द्रीय सरकार द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अपेक्षित पर्याप्त पूंजी और निर्माण के लिए अपेक्षित सुविधाओं या पर्याप्त मात्रा में भारत में आविष्कार का निर्माण कर सकने के समर्थन में एक साक्ष्य के रूप में भारत के एक अनुसूचित बैंक या अधिकृत वित्तीय संस्था या प्रमाणित लेखा परीक्षक से एक पुष्टि बयान प्रस्तुत करेगा; और

ii) भावी विनिर्माता जो अनुज्ञप्तिधारी होगा, लाइसेंसधारी के साथ आवेदक या उसके समनुदेशिती द्वारा किया गया अनुज्ञप्ति करार प्रस्तुत करेगा, और

iii) अनुरोध किये गये विनिर्देश के दावों की संख्या बीस से अधिक न हो और एक ही आविष्कार या आविष्कारों के समूह जिनकी एकल मौलिक अवधारणा से संबन्धित हों, और

iv) आवेदक या उसका समनुदेशिती या भावी विनिर्माता (अनुज्ञप्तिधारी), शीघ्र प्रकाशन के लिए आवेदन करते समय प्ररूप 27 क में इस प्रभाव का शपथ-पत्र प्रस्तुत करेगा-

क) यदि पेटेंट अनुदान होता है तो अनुदान की तारीख से दो वर्ष के भीतर आविष्कार का निर्माण प्रारम्भ हो गया है या प्रारम्भ हो जाएगा;

ख) भारत में केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अपेक्षित मात्रा में आविष्कार का विनिर्माण करने के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अपेक्षित पूंजी और सुविधाएं उपलब्ध हैं; और

ग) आवेदक या उसका समनुदेशिती या भावी निर्माता (अनुज्ञप्तिधारी) स्वयं को या उसको अपेक्षित मात्रा में भारत में पेटेंट आविष्कार का निर्माण करने के लिए बाध्य करता है।

(3) जिस आवेदक ने पहले से नियम 24 ख के अधीन परीक्षण के लिए अनुरोध फाइल कर दिया है, वह उस उक्त अनुरोध को नियम 24 ग के अधीन यथाअपेक्षित बकाया फीस का भुगतान कर और वांछित दस्तावेज़ जमा कर नियम 24 ग के तहत त्वरित परीक्षण हेतु अनुरोध के रूप में परिवर्तित कर सकता है और परिणामस्वरूप त्वरित परीक्षण के लिए दाखिल ऐसे अनुरोध दाखिल करने की तारीख वह होगी जिस तारीख को आवेदक द्वारा वांछित दस्तावेज़ के साथ परिवर्तन हेतु फीस का संदत्त किया गया हो।

(3) यदि आवेदक उस आधार का समाधान करने में असफल रहता है जिसके आधार पर परीक्षण के लिए त्वरित अनुरोध फाइल किया गया है अथवा उप-नियम (1) में यथा उल्लिखित शर्तों में से किसी को पूरा करने में विफल रहता है तो नियंत्रक ऐसे अनुरोध को त्वरित परीक्षण के लिए परीक्षक के पास नहीं भेजेगा और आवेदक को सूचित करते हुए उस अनुरोध पर नियम 24 ख के तहत ही कार्यवाही की जाएगी:

परंतु, त्वरित परीक्षण के लिए प्रदत्त फीस प्रतिदाय नहीं की जाएगी।

(4) त्वरित परीक्षण के लिए अनुरोध प्राप्त होने पर, नियंत्रक उसे आवेदन और विनिर्देश और अन्य दस्तावेज़ के साथ अनुरोध फाइल होने के क्रमानुसार परीक्षक को निदेशित करेगा।

(5) वह अवधि जिसके भीतर परीक्षक, धारा 12 की उपधारा (2) के अधीन रिपोर्ट बनाएगा, वह साधारणतया नियंत्रक द्वारा उन्हें वह आवेदन प्रेषित करने की तारीख से एक मास होगी किन्तु दो मास से अधिक नहीं होगी।

(6) जिस अवधि के भीतर नियंत्रक परीक्षक के रिपोर्ट का निपटान करेगा वह नियंत्रक द्वारा रिपोर्ट प्राप्त करने की तारीख से साधारणतया एक मास होगी।

(7) आवेदन और विनिर्देश के साथ प्रथम परीक्षण रिपोर्ट नियंत्रक द्वारा आवेदक या उसके प्राधिकृत अभिकर्ता को तुरंत किन्तु परीक्षक अपश्चात के रिपोर्ट के निपटान के एक महीने के भीतर भेजी जाएगी।

(8) त्वरित परीक्षण के उत्तर में प्रथम परीक्षण रिपोर्ट का उत्तर और परवर्ती उत्तर, यदि कोई हो, पर उसी अनुक्रम में कार्य किया जाएगा जिस क्रम में वे प्राप्त होंगे।

(9) धारा 21 के अधीन किसी आवेदन को अनुदान करने के लिए प्रस्तुत करने का समय उस तारीख से चार मास का होगा जिससे आवेदक को अपेक्षाओं की पूर्ति करने के लिए परीक्षण का प्रथम कथन जारी किया गया था।

(10) उप नियम (9) में यथाविहित धारा 21 के अधीन किसी आवेदन को अनुदान के लिए प्रस्तुत करने के समय में दो महीने का और विस्तार और दिया जा सकता है जब उप-नियम (9) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट अवधि समाप्ति के पूर्व नियंत्रक के समक्ष विहित फीस के साथ समय विस्तार के लिए प्ररूप 4 पर विस्तार हेतु अनुरोध किया गया हो।

(11) नियंत्रक, उस आवेदन का निपटान प्रथम परीक्षण रिपोर्ट के अंतिम उत्तर की प्राप्ति की तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर या धारा 21 के अधीन आवेदन को अनुदान के लिए प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से तीन महीने की अवधि के भीतर, जो भी पूर्ववर्ती हो, करेगा।

(12) "आवेदक या उसका समनुदेशिती या भावी विनिर्माता प्रत्येक वर्ष भारत में उस आविष्कार के विनिर्माण संबंधी प्रास्थिति रिपोर्ट नियंत्रक के समक्ष प्रस्तुत करेगा।

(13) उप-नियम (1) और (2) में किसी बात के होते हुए भी, नियंत्रक शासकीय जर्नल में उस त्वरित परीक्षण की सूचना प्रकाशित कर वर्ष के दौरान प्राप्त किए जाने वाले त्वरित परीक्षण के लिए अनुरोध की

संख्या सीमित कर सकता है।

. नियम 24 ग के पश्चात, नया नियम अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:

"नियम 24 घ. विरोध कार्यवाही और मिथ्या अभ्यावेदन का परिणाम (1) उस आवेदन को प्रक्रियागत करने के लिए जिसके लिए त्वरित परीक्षण हेतु अनुरोध फाइल किया गया है, अनुदान पूर्व और अनुदानोत्तर विरोध प्रक्रिया के लिए अधिनियम और उसके अंतर्गत बने नियम के संगत उपबंध, यथास्थिति, आवश्यक परिवर्तनों सहित लागू होंगे।

(2) आवेदक या उसके समनुदेशिती या भावी विनिर्माता (अनुज्ञप्तिधारी) द्वारा त्वरित परीक्षण फाइल करने और उसके बाद कोई निराधार सूचना/निराधार अभ्यावेदन प्रस्तुत करने, अथवा त्वरित परीक्षण सुविधा का लाभ उठाकर पेटेंट प्राप्त करने और पेटेंट अनुदान के बाद अधिनियम और नियमों में विहित शर्तों का अनुपालन नहीं करने के कारण अधिनियम के संगत उपबंधों के अधीन निरसन हो सकता है, यदि अनुदत्त हो।

12. मूल नियमों मे, नियम 26 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

"26. धारा 11ख की उप-धारा (4) के तहत आवेदन के प्रत्याहर का अनुरोध प्ररूप 29क में किया जाएगा।"

13. मूल नियमों मे, नियम 28 में, उप-नियम (5) के बाद निम्नलिखित उप-नियम (6)अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-

"(6) वीडियो-कनफेरेंसिंग या अन्य व संचार के माध्यम से भी सुनवाई की जा सकती है और, उन मामलों में, सुनवाई की तारीख से 15 कार्य दिवसों के भीतर लिखित निवेदन और सम्बद्ध दस्तावेज़ फाइल किए जाने चाहिए।"

"स्पष्टीकरण - इस नियम के प्रयोजनों के लिए, "संचार के युक्ति" का पद वही है जो उसे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के 21 की धारा 2 की उप-धारा (ii) के खंड (ज क) मे दिया गया है।

14. मूल नियमों मे, नियम 55 में, उप-नियम (4), (5) और (6) के स्थान पर निम्नलिखित उपनियम रखे जाएँगे, अर्थात:-

"(4) उप-नियम (3) के अधीन नोटिस प्राप्त होने पर आवेदक, यदि वांछा हो, तो नोटिस की तारीख से तीन महीने के भीतर अपने आवेदन के समर्थन में अपना कथन और साक्ष्य, यदि कोई हो, विरोधी को एक प्रति देते हुए,फाइल करेगा।

(5) आवेदक द्वारा फाइल किए गए कथन और साक्ष्य पर विचार कर नियंत्रक या तो उस आवेदन पर पेटेंट अनुदान अस्वीकार कर सकता है अथवा पेटेंट अनुदान करने से पहले पूर्ण विनिर्देश और अन्य दस्तावेज़ में समाधान होने तक संशोधन करने की माँग कर सकता है।

(6) सुनवाई के दौरान प्रस्तुत अभ्यावेदन, यदि उसका अनुरोध किया गया हो, पर विचार करने के बाद नियंत्रक साधारणतया उस अभ्यावेदन पर उपर्युक्त प्रक्रिया पूर्ण होने से एक महीने के भीतर अपना निर्णय देगा।"

15. मूल नियमों मे, नियम 71 में उप-नियम (2), के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

"(2) वह समय सीमा जिसके भीतर नियंत्रक उप-नियम (1) के अंतर्गत किए गए अनुरोध का निपटान, प्रतिरक्षा और आण्विक ऊर्जा से संबन्धित आविष्कारों के लिए किए गए आवेदनों के अतिरिक्त, समान्यतया वह अनुरोध फाइल किए जाने की तारीख से इक्कीस दिन की अवधि के भीतर होगी।

(3) प्रतिरक्षा और आण्विक ऊर्जा से संबन्धित आविष्कारों के लिए किए गए आवेदनों के संदर्भ में इक्कीस दिनों की अवधि की गणना केंद्रीय सरकार से सहमति प्राप्त होने की तारीख से की जाएगी।"

16. मूल नियमों मे, नियम 93 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

"93. नवीकरण फीस की प्रवृष्टि :- पेटेंट के संबंध मे निर्धारित नवीकरण फीस का भुगतान प्राप्त होने पर, नियंत्रक पेटेंट रजिस्टर में उस शुल्क के भुगतान की तारीख और इस तथ्य की प्रविष्टि करेगा कि फीस का भुगतान कर दिया गया है और पेटेंट नवीकरण प्रमाणपत्र निर्गत करेगा।"

17. मूल नियमों मे, नियम 103 मे, उप-नियम (2) के खंड (ii) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-

(ii) न्यूनतम पंद्रह वर्ष तकनीकी, व्यवहारिक और अनुसंधान अनुभव हो; और"

18. मूल नियमों मे, **नियम 103 के पश्चात, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:**

"103क. वैज्ञानिक सलाहकार नामावली मे नाम सम्मिलित होने की निरर्हताएं - कोई व्यक्ति वैज्ञानिक सलाहकार नामावली मे शामिल होने का पात्र नहीं होगा, यदि वह -

(i) सक्षम न्यायालय द्वारा विकृत चित्त का न्याय निर्णीत किया गया हो;

(ii) अनुन्मोचित दिवालिया हो;

(iii) अनुन्मोचित दिवालिया होने पर भी, उसने न्यायालय से इस आशय का प्रमाणपत्र अभिप्राप्त नहीं किया है कि उसके दिवालियापन का कारण उसकी ओर से किसी अवचार के बिना ही दुर्भाग्य था;

(iv) भारत मे या भारत के बाहर किसी सक्षम न्यायालय द्वारा किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया है और कारावास का दण्ड दिया गया है, जब तक कि जिस अपराध का उसे

सिद्धदोष ठहराया गया है वह क्षमा न कर दिया गया हो या उसके द्वारा दिये गए आवेदन पर केंद्रीय सरकार ने इस निमित आदेश द्वारा, निर्योग्यता हटा न दी हो;

(v) वृत्तिक अवचार का दोषी है; या

(vi) उपेक्षा या अवचार का दोषी है।"

19.. **मूल नियमों मे, नियम 104 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-**

"104. वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली मे सम्मिलित होने के लिए आवेदन की विधि - कोई भी हितबद्ध व्यक्ति अपना बायोडाटा देने पर अपना नाम वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली मे सम्मिलित करने के लिए आवेदन कर सकता है।"

20. . **मूल नियम नियमों मे, नियम 107 मे, खंड (ग) और उसमे दिये गए उपबंधों के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-**

"(ग) ऐसे व्यक्ति को किसी अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया हो और कारावास का दण्ड दिया गया हो या वह अपनी वृत्तिक हैसियत मे कदाचार का दोषी रहा हो और नियंत्रक की यह राय हो कि उसका नाम नामावली से हटा दिया जाना चाहिए; या

(घ) जब उसकी मृत्यु हो जाए;

परंतु , ऊपर खंड (ख) के अधीन मामलों के सिवाय, इस नियम के अधीन वैज्ञानिक सलाहकारों की नामावली से किसी व्यक्ति का नाम हटाए जाने से पूर्व, ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिया जाएगा।"

21. **मूल नियमों मे, नियम 108 के** उप-नियम (1) के लिए, निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

(1) धारा 125 के अधीन रखे गए पेटेंट अभिकर्ता रजिस्टर मे प्रत्येक पंजीकृत पेटेंट अभिकर्ता के नाम, राष्ट्रीयता, कारोबार का मुख्य स्थान का पता, शाखा कार्यालयों के पते, यदि कोई हों, अर्हताएँ, रजिस्ट्रीकरण की तारीख और रजिस्ट्रीकरण के नवीकरण का ब्यौरा अंतर्विष्ट होगा।

22. **मूल नियमों मे, नियम 109 मे,** उप-नियम (3) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"(3) ऐसा कोई व्यक्ति जो नियम 110 के अधीन परीक्षा मे शामिल होने की बांछा करता है, परीक्षा की अधिसूचना के उपरांत और अधिसूचना मे निर्दिष्ट अवधि के भीतर, प्रथम अनुसूची मे विनिर्दिष्ट फीस के साथ नियंत्रक को अनुरोध करेगा।"

23. **मूल नियमों मे, नियम 116 मे, खंड (घ) के स्थान निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-**

"(घ) जब उसने नियम 115 मे विनिर्दिष्ट फीस के संदाय मे उनके देय होने के तीन मास पश्चात तक व्यतिक्रम किया हो; या

(ङ) वह भारत का नागरिक नहीं रहता है;

परंतु, खंड (क) और (ख) के अंतर्गत छोड़कर, इस नियम के अधीन पेटेंट अभिकर्ता के रजिस्टर से किसी व्यक्ति का नाम हटाए जाने से पूर्व, ऐसे व्यक्ति को सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर दिया जाएगा।"

24. **मूल नियमों मे, नियम 129 के पश्चात, निम्नलिखित नियम अन्तःस्थापित किया जाएगा, अर्थात:-**

"129क - सुनवाई का स्थगन - पेटेंट के लिए आवेदक या कार्यवाही का पक्षकार, सुनवाई की तारीख से कम से कम पाँच कार्य दिवस पहले उचित कारण पर प्रथम अनुसूची मे विनिर्दिष्ट फीस के साथ सुनवाई के स्थगन के लिए अनुरोध कर सकता है और नियंत्रक, यदि वह ऐसा

करना ठीक समझे और उन निबंधनों पर जो वह निर्दिष्ट करे सुनवाई स्थगित कर सकता है और तदनुसार आवेदक को संसूचित कर सकता है।

परंतु नियंत्रक द्वारा सुनवाई तीन अवसर से अधिक स्थगित नहीं होगी और प्रत्येक स्थगन की अवधि पन्द्रह दिन से अधिक नहीं होगी।"

25. **मूल नियमों मे, नियम 133 के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात:-**

"133 - धारा 72 और धारा 147 के अधीन प्रमाणित प्रतियों और प्रमाणपत्रों का प्रदाय करना -

(1) पेटेंट कार्यालय मे रजिस्टर की किसी प्रविष्टि की प्रमाणित प्रतियाँ, या पेटेंटों से, विनिर्देशों और अन्य सार्वजनिक दस्तावेज़ों, या वहाँ रखे रजिस्टरों और अन्य अभिलेखों से उद्धरण जिसके अंतर्गत कंप्यूटर फ्लॉपी मे अभिलेख, डिस्केट्स या अन्य इलेक्ट्रोनिक प्ररूप भी हैं नियंत्रक द्वारा उसे किए गए अनुरोध पर और प्रथम अनुसूची मे उसके लिए विनिर्दिष्ट फीस के संदाय पर प्रदाय किए जा सकेंगे

(2) उप-नियम (1) मे किसी बात के होते हुए भी, प्रमाणित प्रतियाँ एक सप्ताह की अवधि के भीतर शीघ्रता से प्राप्त की जा सकेंगी यदि ऐसा अनुरोध प्रथम अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के साथ किया जाएगा।"

26. **मूल नियमों मे, नियम 135 मे,** उप-नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

(1) इस अधिनियम और इन नियमों के प्रयोजनों के लिए किसी अभिकर्ता का प्राधिकरण आवेदन/दस्तावेज़ फाइल करते समय या ऐसे आवेदन/दस्तावेज़ फाइल करने की तारीख से तीन माह की अवधि के भीतर प्ररूप 26 मे फाइल किया जाएगा या मुख्तारनामा के प्ररूप मे होगा, अन्यथा ऐसे आवेदनों/दस्तावेज़ों की आगे की प्रक्रिया मे कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

27. **मूल नियमों मे, नियम 138 मे,** उप-नियम (1) के स्थान पर निम्नलिखित उप-नियम रखा जाएगा, अर्थात:-

"(1) नियम 13 के उप-नियम (6), नियम 20 के उप-नियम (4) के खंड (i), 24ख, 24ग, नियम 55 के उप-नियम (4), नियम 130 के उप-नियम (1), नियम 130 के उप-नियम (2) और नियम 80 के उप-नियम (1क) में निर्धारित समय को छोड़कर, अन्य नियमों में किसी कार्य को करने या अधीन कोई कार्यवाही करने के लिए विहित समय, नियंत्रक द्वारा यदि वह ऐसा करना ठीक समझे और उन निबंधनों पर जो वह निर्दिष्ट करे एक माह तक बढ़ाया जा सकता है।"

28. मूल नियम मे, प्रथम अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची रखी जाएगी, अर्थात:-

"प्रथम अनुसूची
(नियम 7 देखिये)

सारणी 1- संदेय फीस

प्रविष्टि की संख्या	जिस पर संदेय है	सुसंगत प्ररूप की सं	ई-फाइलिंग के लिए	भौतिक रूप में फाइल करने के लिए

		ख्या						
			प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए	या तो अकेले या प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) के साथ संयुक्त रूप में प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) से भिन्न व्यक्ति के लिए		प्रकृत व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए	या तो अकेले या प्रकृत व्यक्ति(व्यक्तियों) के साथ संयुक्त रूप में प्रकृत व्यक्ति(व्यक्तियों) से भिन्न व्यक्ति के लिए	
				लघु अस्तित्व के लिए	लघु अस्तित्व के अतिरिक्त अन्य के लिए		लघु अस्तित्व के लिए	लघु अस्तित्व के अतिरिक्त अन्य के लिए
1	2	3	4	5	6	7	8	9
			रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए
1.	अनंतिम/सम्पूर्ण विनिर्देश के साथ धारा 7, धारा 54 और धारा 135 और नियम 20(1) के अधीन किसी पेटेंट के लिए आवेदन पर -	1	1600 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 1600 के गुणजों में	4000 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 4000 के गुणजों में	8000 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 8000 के गुणजों में	1760 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 1760 के गुणजों में	4400 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 4400 के गुणजों में	8800 प्रत्येक गुणज पूर्वीकता की दशा में 8800 के गुणजों में
	(i) 30 के अतिरिक्त प्रत्येक विनिर्देश पन्ने के लिए (अनुक्रम		(i) 160	(i) 400	(i) 800	(i) 176	(i) 440	(i) 880

	सूची सहित); (ii) 10 के अतिरिक्त प्रत्येक दावे के लिए; (iii) नियम (9) के उप-नियम (4) के अधीन न्यूक्लियोटाइड और, या अमीनो अम्ल के अनुसूची क्रम के प्रत्येक पृष्ठ के लिए		(ii) 320 (iii) 160 अधिकतम 32,000 के साथ	(ii) 800 (iii) 400 अधिकतम 80,000 के साथ	(ii) 1600 (iii) 800 अधिकतम 1,60,000 के साथ	(ii) 352 (iii) 176 अधिकतम 35,200 के साथ	(ii) 880 (iii) 440 अधिकतम 88,000 के साथ	(ii) 1760 (iii) 880 अधिकतम 1,76,000 के साथ
2.	अनंतिम विनिर्देश के पश्चात् सम्पूर्ण विनिर्देश फाइल करने पर 30 पृष्ठ तक जिसमें 10 दावे तक हों - (i) 30 के अतिरिक्त प्रत्येक विनिर्देश पन्ने के लिए; (ii) 10 के अतिरिक्त प्रत्येक दावे के लिए ।	2	कोई फीस नहीं (i) 160 (ii) 320	कोई फीस नहीं (i) 400 (ii) 800	कोई फीस नहीं (i) 800 (ii) 1600	कोई फीस नहीं (i) 176 (ii) 352	कोई फीस नहीं (i) 440 (ii) 880	कोई फीस नहीं (i) 880 (ii) 1760
3.	धारा 8 के अधीन कथन और वचनबंध फाइल करने पर।	3	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं
4.	i) धारा 53(2) और धारा 142(4), नियम	4	480	1200	2400	550	1300	2650

(i)	13(6), नियम 80(1क) और नियम 130 के अधीन समय विस्तार के अनुरोध पर (प्रति मास)।							
(ii)	नियम 24 ख के उप-नियम (5) के अधीन समय विस्तार के अनुरोध पर	4	1000 (प्रति मास)	2000 (प्रति मास)	4000 (प्रति मास)	1100 (प्रति मास)	2200 (प्रति मास)	4400 (प्रति मास)
	नियम 24 ग के उप-नियम (10) के अधीन समय विस्तार के अनुरोध पर	4	5000 (प्रति मास)	10000 (प्रति मास)	20000 (प्रति मास)	5500 (प्रति मास)	11000 (प्रति मास)	22000 (प्रति माससी)
5.	नियम 13 के उप-नियम (6) के अधीन आविष्कारवृत्ति की हैसियत में घोषणा फाइल करने पर।	5	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं
6.	अगली तारीख के लिए आवेदन पर।	-	800	2000	4000	900	2200	4400
7.	धारा 19(2) के अधीन निर्देश को हटाने के लिए आवेदन पर।	-	800	2000	4000	900	2200	4400
8.	(i) धारा 20(1) के अधीन दावे पर; (ii) धारा 20(4) या धारा 20(5) के अधीन	6 6	800 800	2000 2000	4000 4000	900 900	2200 2200	4400 4400

	निदेश के लिए अनुरोध पर।							
9.	धारा 25(2) के अधीन पेटेंट को मंजूर करने का विरोध की नोटिस पर।	7	2400	6000	12000	2650	6600	13200
9क.	(i) धारा 25(1) के अधीन पेटेंट अनुदान का विरोध करने के लिए आवदेन फाइल करने पर;	7क	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं
10.	नियम 62 के उप-नियम (2) के अधीन यह सूचना देने पर कि नियंत्रक के समक्ष सुनवाई में उपस्थित रहा जाएगा।	--	1500	3750	7500	1650	4150	8250
11.	धारा 28(2), धारा 28(3) या धारा 28(7) के अधीन आवेदन पर।	8	800	2000	4000	900	2200	4400
12.	धारा 11क(2) और नियम, 24क के अधीन प्रकाशन हेतु अनुरोध।	9	2500	6250	12500	2750	6900	13750
13.	आवेदन के प्रकाशन के पूर्व धारा 11ख(4) और नियम 26 के उप-नियम (1) के अधीन आवेदन के प्रत्याहरण के लिए	29	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं	कोई फीस नहीं

	आवेदन।							
14.	पेटेंट आवदेन के परीक्षण हेतु अनुरोध पर - (क) धारा 11ख और नियम 24 के उप-नियम (1) के अधीन; (ख) नियम 20 के उप-नियम (4) के खंड (ii) के अधीन।	18	4000 5600	10000 14000	20000 28000	4400 6150	11000 15400	22000 30800
14 क	नियम 24 ग के अधीन पेटेंट हेतु त्वरित परीक्षण के अनुरोध पर (20 दावों तक)	18 क	50000	125000	250000	55000	137500	275000
14 ख	नियम 24 ख के अधीन परीक्षण के लिए फाइल अनुरोध को नियम 24 ग के अधीन शीघ्र परीक्षण के अनुरोध मे परिवर्तित करने पर (20 दावों तक)	18 क	46000	115000	230000	50600	126500	253000
15.	धारा 44 के अधीन पेटेंट के संशोधन के लिए आवेदन पर।	10	2400	6000	12000	2650	6600	13200

16.	धारा 51(1) या धारा 51(2) के अधीन निदेश के लिए आवदेन पर।	11	2400	6000	12000	2650	6600	13200
17.	धारा 26(1) या धारा 52(2) के अधीन पेटेंट मंजूर करने के लिए अनुरोध पर।	12	2400	6000	12000	2650	6600	13200
18.	धारा 55(1) के अधीन पेटेंट के परिवर्धन को एक स्वतंत्र पेटेंट में संपरिवर्तित करने के अनुरोध पर।	--	2400	6000	12000	2650	6600	13200
19.	धारा 53 के अधीन पेटेंट के नवीनीकरण हेतु							
(i)	पेटेंट की तारीख से दूसरे वर्ष की समाप्ति से पूर्व तीसरे वर्ष की बाबत;	--	800	2000	4000	900	2200	4400
(ii)	तीसरे वर्ष की समाप्ति से पूर्व चौथे वर्ष की बाबत;	--	800	2000	4000	900	2200	4400
(iii)	चौथे वर्ष की समाप्ति से पूर्व पांचवे वर्ष की बाबत;	--	800	2000	4000	900	2200	4400
(iv)	पांचवे वर्ष की समाप्ति से पूर्व छठे वर्ष की बाबत;	--	800	2000	4000	900	2200	4400

(v)	छठे वर्ष की समाप्ति से पूर्व सातवें वर्ष की बाबत;	--	2400	6000	12000	2650	6600	13200
(vi)	सातवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व आठवें वर्ष की बाबत;	--	2400	6000	12000	2650	6600	13200
(vii)	आठवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व नवें वर्ष की बाबत;	--	2400	6000	12000	2650	6600	13200
(viii)	नवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व दसवें वर्ष की बाबत;	--	2400	6000	12000	2650	6600	13200
(ix)	दसवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व ग्यारहवें वर्ष की बाबत;	--	4800	12000	24000	5300	13200	26400
(x)	ग्यारहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व बारहवें वर्ष की बाबत;	--	4800	12000	24000	5300	13200	26400
(xi)	बारहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व तेरहवें वर्ष की बाबत;	--	4800	12000	24000	5300	13200	26400
(xii)	तेरहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व चौदहवें वर्ष की बाबत;	--	4800	12000	24000	5300	13200	26400
(xiii)	चौदहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व पन्द्रहवें वर्ष की बाबत;	--	4800	12000	24000	5300	13200	26400
(xiv)	पन्द्रहवें वर्ष की समाप्ति से पूर्व सोलहवें वर्ष की	--	8000	20000	40000	8800	22000	44000

	बाबत;							
